## संक्षिप्त

### 380 किलो अवैध डोडा चूरा जब्त

**कपासन, (निसं)।** पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 380 किलोग्राम से अधिक अवैध डोडा चूरा जब्त किया है। यह कार्रवाई 24 मार्च 2026 की रात को रामथली से शनि महाराज रोड पर की गई।पुलिस नाकाबंदी के दौरान एक स्कॉर्पियो के ड्राइवर ने बैरिकेड तोड़कर भागने का प्रयास किया। भागते समय कार ने एक निजी वाहन को टक्कर मार दी, जिससे स्कॉर्पियो का एक टायर टूट गया।टक्कर के बाद स्कॉर्पियो चालक और उसका साथी वाहन को सड़क किनारे छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर खेतों में फरार हो गए। पुलिस ने कार की तलाशी ली, तो उसमें 22 प्लास्टिक के कट्टों में 380.870 किलोग्राम अधकुचला अफीम डोडा चूरा बरामद हुआ। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत डोडा चूरा जब्त कर लिया है। इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### मादक पदार्थ तस्करी मामले में दो गिरफ्तार

**उदयपुर,(कासं)।** शहर के हाथीपोल थाना पुलिस ने मादक पदार्थ एमडीएमए तस्करी मामले में तीन वर्ष से फरार दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। महानिरीक्षक पुलिस उदयपु रेंज द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक राजेश यादव के सुपरविजन में हाथीपोल थानाधिकारी राजुदेवी के नेतृत्व में गठित दल ने प्रकरण संख्या 65/2023 एनडीपीएस एक्ट मामले में महेन्द्र को सुखेर थाना पुलिस ने अवैध एमडीएमए के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ में हिम्मत उर्फ राहूल पुत्र नारायण निवासी मुंगाणा पारसोला प्रतापगढ़ व अल्पेश पुत्र गौतम निवासी निवासी मूंगाणा प्रतापगढ से खरीदना बताय था। इस मामले में दोनों फरार होने से वारंट जारी किया गया था।

### सूने मकान से नकदी व जेवरात चोरी

**उदयपुर,(कासं)।** हाथीपोल थाना क्षेत्र में स्थित सूने मकान से चोर नकदी व जेवरात चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुनन्दा पुत्री किरोड़ चन्द्र जैन निवासी भट्टजी की बाड़ी हाथीपोल ने अज्ञात चोर के खिलाफ पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 22 मार्च को मकान पर ताला लगा कर काम से गई थी। कुछ समय बाद लौटी तो किवाड़ टूटा हुआ एवं कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। तलाशी ली तो चांदी की दो मूर्तियां,चार पांच चांदी के सिक्के तथा 35 हजार रूपये नकदी गायब थी।

### कार चोरी का मामला दर्ज

**उदयपुर,(कासं)।** खेरवाड़ा थाना पुलिस ने पीडित बस स्टेण्ड के सामने हरिओम नगर खेरवाड़ा निवासी प्रकाश चंद पुत्र गणपतलाल सुथार ने अज्ञात चोर के खिलाफ 22 मार्च को मकान के बाहर खडी कार चुरा ले जाने का प्रकरण दर्ज करवाया।

## निरीक्षण किया

**उदयपुर, (कासं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों के क्रम में जिला कलेक्टर नमित मेहता जिले के विभिन्न इलाकों के नियमित रूप से दौरे कर रहे है। इसी क्रम में जिला कलेक्टर मेहता ने मंगलवार को बड़गांव उपखण्ड क्षेत्र का दौरा कर प्रशासनिक व्यवस्थाओं और विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपखण्ड कार्यालय बड़गांव पहुंचकर विभिन्न शाखाओं का अवलोकन किया तथा कार्यालयीन कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर मेहता ने अधिकारियों को आमजन से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए।

इसके बाद कलेक्टर ने बड़गांव उपखण्ड क्षेत्र के ईसवाल गांव का दौरा कर एसडीआरएफ मद के तहत क्षतिग्रस्त हुई सड़कों के मरम्मत कार्यों का मौके पर निरीक्षण किया।

# 'पर्यावरण को क्षति पहुंचाने वालों के खिलाफ हो सख्त कार्यवाही'

**उदयपुर, (कासं)।** जिला पर्यावरण समिति की त्रैमासिक बैठक मंगलवार को जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट मिनी सभागार में हुई।

प्रारंभ में समिति के सदस्य सचिव उप वन संरक्षक (उत्तर) अजय चित्तौड़ा ने गत बैठक कार्यवाही की पालना रिपोर्ट प्रस्तुत की। परिवहन, युडीए, नगर निगम, यातायात पुलिस, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, रिको , खनन आदि विभागों के अधिकारियों ने गत तीन माह की कार्यवाही का विवरण रखा। जिला कलक्टर मेहता ने कहा कि आज उदयपुर अगर विश्व पटल पर छाया है तो उसके पीछे गौरव शाली इतिहास के अलावा यहां की झीलें और पर्यावरण ही मुख्य कारण है। ऐसे में पर्यावरण संरक्षण सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों पर सख्ती से अंकुश लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने औद्योगिक इकाइयों, रिसार्ट, अस्पतालों आदि की सतत निगरानी रखने तथा प्रदूषण फैलाने जैसी गतिविधि पाए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने पहाड़ियों की अवैध कटाई पर पैनी नजर रखने तथा गत दिनों युडीए की ओर से सीज किए गए स्थलों की खनन विभाग को भी पड़ताल कर अवैध खनन पाए जाने पर नियमानुसार पृथक से कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

बैठक में वायु एवं ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित रखने, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद कराने, ई-वेस्ट प्रबंधन, ठोस कचरा प्रबंधन, मार्बल स्लरी निस्तारण, बायोमेडिकल वेस्ट के निस्तारण, पर्यटन स्थलों की साफ-सफाई आदि बिन्दुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में जिला कलक्टर ने भीतरी शहर में नो व्हीकल जोन घोषित किए जाने के निर्णय की प्रगति पर भी चर्चा की। इस दौरान पर्यटन उपनिदेशक शिखा सक्सेना ने बताया कि चांदपोल से जगदीश मंदिर तथा रंगनिवास चौकी से जगदीश मंदिर तक दो स्थल चिन्हित किए गए हैं। जिला कलक्टर ने युडीए, नगर निगम, यातायात पुलिस, पर्यटन आदि को शामिल करते हुए गठित की गई कमेटी के माध्यम से जल्द से जल्द इसकी रिपोर्ट तैयार कर अग्रिम प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कलक्टर ने फतहसागर की पाल पर बोम्बे चौपाटी में बदबू की शिकायतों के चलते नगर निगम को महीने में दो बार क्षेत्र में अच्छे से धुलाई कराने, सीसारमा से दूधतलाई मार्ग पर कचरा संग्रहण स्थल को साफ कराने के निर्देश दिए। साथ ही गर्मी के मौसम में आतिशबाजी के चलते वन क्षेत्र में आग लगने की संभावित घटनाओं को रोकने के लिए वन एवं पहाड़ियों के आसपास होटल्स या आवासीय क्षेत्रों में आतिशबाजी के दौरान ऐहतियात बरतने के लिए पाबंद किए जाने के भी निर्देश दिए। बैठक में युडीए सचिव हेमेंद्र नागर, उप वन संरक्षक वन्यजीव यादवेंद्र सिंह चुण्डावत, सीएमएचओ डॉ अशोक आदित्य, सहायक वन संरक्षक सुरेखा चौधरी, उपाधीक्षक यातायात अशोक आंजना सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय सम्मेलन में 300 प्रतिभागियों ने लिया भाग

**उदयपुर, (कासं)।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), राजस्थान के सहयोग से पेसिफिक कॉलेज ऑफ फार्मेसी, पेसिफिक एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी, उदयपुर में जियोग्राफिकल इंडिकेशन्स- पारंपरिक ज्ञान का संरक्षण एवं क्षेत्रीय फार्मास्यूटिकल नवाचार को बढावा विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के संरक्षक के रूप में प्रो. भगवती प्रकाश शर्मा (ग्रुप प्रेसिडेंट, पेसिफिक ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स), प्रो. हेमंत कोठारी (अध्यक्ष, पीएएचईआर यूनिवर्सिटी) एवं संयोजक प्रो. पी. के. चौधरी (डीन, फैकल्टी ऑफ फार्मेसी, पीएएचईआर यूनिवर्सिटी, उदयपुर) की गरिमामयी उपस्थिति रही। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सी. पी. जैन (प्रो. एवं डीन, एमएलएसयू, उदयपुर) उपस्थित रहे। वहीं, कीनोट स्पीकर्स के रूप में डॉ. जी. जेयबालन (प्रिंसिपल, अलवर फार्मेसी कॉलेज, जयपुर), डॉ. आर. सी. मिश्रा (एसोसिएट प्रोफेसर, राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय) एवं डॉ. विवेक जैन (असिस्टेंट प्रोफेसर, एमएलएसयू, उदयपुर) ने अपने विचार व्यक्त किए।

आयोजन सचिव डॉ. गुंजन जादौन की उपस्थिति रही। तकनीकी सत्रों का संचालन डॉ. आर. सी. मिश्रा एवं डॉ. विवेक जैन द्वारा किया गया। सम्मेलन में विभिन्न राज्यों से आए लगभग 300 छात्र-छात्राओं एवं शोधार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान करीब 50 ई-पोस्टर प्रस्तुत किए गए, जिनमें प्रतिभागियों ने अपने शोध कार्य प्रदर्शित किए। पेसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के प्रीसिपल डॉ. अंकित पालिवाल ने पोस्टर विजेताओं को बधाई दी।

## नीमच-बांसवाड़ा-दाहोद-नंदुरबार रेल लाइन की डीपीआर को मंजूरी

**चित्तौड़गढ़, (निसं)।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं चित्तौडगढ़ सांसद सीपी जोशी द्वारा नीमच-बांसवाड़ा-दाहोद-अलिराजपुर-नंदुरबार नई रेल लाइन को प्रतापगढ़ शहर के पास से गुजारे जाने के लिए किए गए आठाह पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सकारात्मक कदम उठाते हुए इस रेल परियोजना के एलाइनमेंट को प्रतापगढ़ शहर के पास होकर ले जाने के निर्देश दिए हैं।

रेल मंत्री द्वारा सांसद को भेजे गए पत्र में बताया गया है कि इस नई रेल लाइन का एलाइनमेंट सर्वे वर्तमान में प्रगति पर है तथा पश्चिम रेलवे को इसे प्रतापगढ़ शहर के पास से होकर ले जाने के निर्देश दिए गए हैं। सीपी जोशी ने इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र सरकार आदिवासी क्षेत्रों के विकास और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है। सांसद सीपी जोशी ने बताया कि उन्होंने पूर्व में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर जनसुविधा की दृष्टि से नीमच-बांसवाड़ा-दाहोद-अलिराजपुर-नंदुरबार नई रेल लाइन को प्रतापगढ़ शहर से जोड़ने का आग्रह किया था। रेल मंत्री की ओर से प्राप्त पत्र में इस संबंध में सकारात्मक कार्रवाई की जानकारी दी गई है, जिससे क्षेत्रवासियों में हर्ष की भावना है।

सांसद जोशी ने लगभग 380 किलोमीटर लंबी प्रस्तावित नीमच-प्रतापगढ़-बांसवाड़ा-दाहोद-नंदुरबार रेल लाइन के लिए अंतिम सर्वेक्षण और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने की मंजूरी को दक्षिण राजस्थान विशेष रूप से आदिवासी बहुल क्षेत्रों के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय बताया।सांसद सीपी जोशी ने कहा कि लंबे समय से दक्षिण राजस्थान के लोगों की यह मांग रही है कि इस क्षेत्र को मजबूत रेल कनेक्टिविटी मिले।

आदिवासी बहुल दक्षिणी राजस्थान के विकास को नई गति देने की दिशा में रेल मंत्रालय द्वारा एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। इस निर्णय को दक्षिण राजस्थान, विशेष रूप से प्रतापगढ़-बांसवाड़ा सहित आसपास के आदिवासी क्षेत्रों के लिए ऐतिहासिक पहल है। प्रस्तावित रेल लाइन से राजस्थान के आदिवासी अंचलों को देश के प्रमुख रेलवे नेटवर्क से जुड़ने का अवसर मिलेगा, जिससे क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को नई दिशा मिलेगी।

# गौ-रक्षा व बजरंग दल ने 8 भैंसें कराई मुक्त

**डूंगरपुर, (निसं)।** सागवाडा क्षेत्र में अवैध पशु तस्करी के खिलाफ गौ-रक्षा दल और बजरंग दल की टीम ने एक बडी कार्रवाई को अंजाम दिया है। मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए 2 पिकअप वाहनों से क्रुरतापूर्वक ले जाई जा रही 8 भैंसों को मुक्त कराकर पुलिस को सुपुर्द किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बजरंग दल सागवाडा की टीम को सूचना मिली थी कि 2 पिकअप वाहन, गलियाकोट से आसपुर रोड की ओर भैंसों को भरकर ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही गौ-रक्षा दल की टीम मौके पर पहुं ची और घेराबंदी कर दोनों वाहनों को रोक लिया। जांच के दौरान टीम ने पाया कि दोनों पिकअप वाहनों में कुल 8 भैंसों को बेहद ही अमानवीय तरीके से ठूंस-ठूंस कर भरा गया था। यह भी सामने आया कि क्रुरता के कारण इन बेजुबान पशुओं के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान भी मौजूद थे। टीम ने दोनों पिकअप सागवाडा थाना पुलिस को सुपुर्द की। इस घटना को लेकर गौ-रक्षा दल और बजरंग दल ने पुलिस को लिखित शिकायत सौंपते हुए कार्यवाही की मांग की है।

## नकदी हड़पी

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के हिरणमगरी थाना क्षेत्र में माल मंगवा कर पीडित की लाखों की नकदी हडपने वाले के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

जानकारी के अनुसार समृद्धि काम्प्लेक्स रेती स्टेण्ड हिरणगरी हॉल पटेल ट्रेडर्स के पवन पुत्र खेमराज पटेल ने आरोपी रोनक पटेल पुत्र कमलेश भाई पटेल निवासी सारथी तालु सहाय निवासी वासमा चौकडी पाटन गुजरात के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि मैं पेट्रो कमिकल विक्रयम करने का कारोबार करता हूं तथा गुजरात में माल सप्लाई करने के लिए मैने 21 लाख 80 हजार 640 में 16 मई 25 को 42 मेट्रिक टन यूरिया माल मंगवाया था। इसी दौरान आरोपी ने उक्त माल 22 लाख 30 हजार 206 रूपयें में खरीदने की बात कही तो मैने माल भेज दिया। उसके बाद से आज दिन तक आरोपी ने न तो माल भेजा न नकदी का भुगतान किया।

## साडदिया ग्राम पंचायत का किया निरीक्षण

**बांसवाड़ा, (निसं)।** जिला कलेक्टर डॉ इन्द्रजीत यादव ने सज्जनगढ़ उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत साडद्दिया का औचक निरीक्षण कर गांव की स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल की स्थिति तथा आंगनबाड़ी केंद्र में संचालित योजनाओं का अवलोकन कर विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

> ■ 'जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक समय पर पहुंचे और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी'

डॉ. यादव ने साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को दिए जा रहे पोषण आहार, उपस्थिति रजिस्टर तथा अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी लेते हुए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक समय पर पहुंचे और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपखंड अधिकारी सज्जनगढ ने ग्राम स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने एवं समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

## क्षेत्रीय सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न

**उदयपुर, (कासं)।** दत्तोपंतठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार के क्षेत्रीय निदेशालय उदयपुर के क्षेत्रीय सलाहकार समिति की बैठक मंगलवार को राजस्थान विद्यापीठ विवि के कुलपति सचिवालय के सभागार में सम्पन्न हुई।

> ■ देश के विकास में श्रमिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण : प्रो. सारंगदेवोत

प्रारंभ में पदेन सचिव व क्षेत्रीय शिक्षा अधिकारी जगदीप सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए वर्ष 2025-26 का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सिंह ने कहा कि पूर्व में लिये गये सभी निर्णयों की क्रियांविति हो चुकी है।

क्षेत्रीय निदेशक पुनीत गौतम ने बोर्ड की ओर से श्रमिकों के लिए चलाए जा रहे विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों, जागरूकता शिविरों और गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि शिक्षा व्यक्ति को बडा बनाती है और स्कील व्यक्ति की कीमत बढाती है आधुनिक दौर में शिक्षा के साथ स्कील जरूरी है। बोर्ड का उद्देश्य श्रमिकों को उनके अधिकारों, कर्तव्यों और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें सशक्त बनाना है।मुख्य अतिथि कुलपति एवं क्षेत्रीय सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने कहा कि देश के विकास में श्रमिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार श्रमिकों के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक विकास के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित कर रही हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य श्रमिकों को सुरक्षा, सम्मान और बेहतर जीवन स्तर उपलब्ध कराना है। देश में 94 प्रतिशत असंगठित क्षेत्र में कार्य करते है, ऐसे में उनकी सामाजिक सुरक्षा, रोजगार की गारंटी अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि श्रम के क्षेत्र में महिलाएँ भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। महिला श्रमिकों के लिए मातृत्व लाभ योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से रोजगार के अवसर तथा कौशल विकास प्रशिक्षण जैसी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिससे महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सके। प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि श्रमिकों को सरकार की योजनाओं की सही जानकारी मिलना भी उतना ही आवश्यक है, ताकि वे इनका पूरा लाभ उठा सकें। उन्होंने श्रमिक शिक्षा कार्यक्रमों को इस दिशा में बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम श्रमिकों को उनके अधिकारों, कर्तव्यों और उपलब्ध सुविधाओं के प्रति जागरूक करते हैं

## सार-समाचार

### अंगदान किया

**उदयपुर, (कासं)।** चित्तौड़गढ़ के एक परिवार ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए केडेवेरिक अंगदान के माध्यम से कई लोगों को नया जीवन देने का कार्य किया।गीतांजली मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, उदयपुर में चित्तौड़गढ़ निवासी 62 वर्षीय कन्हैयालाल आनंद को ब्रेन डेड घोषित किए जाने के पश्चात उनकी अंतिम इच्छानुसार उनके परिवार द्वारा अंगदान का निर्णय लिया गया। यह अंगदान स्टेट ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन (सोटो) के निर्धारित नियमों एवं प्रक्रिया के तहत संपन्न हुआ। रोगी को 19 मार्च 2026 को हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था, जहां उपचार के दौरान 23 मार्च 2026 को चिकित्सकों की टीम द्वारा उन्हें ब्रेन डेड घोषित किया गया। इसके पश्चात परिवारजनों ने उनकी इच्छा का सम्मान करते हुए अंगदान के लिए सहमति प्रदान की।हॉस्पिटल की ऑर्गन ट्रांसप्लांट टीम में डॉ. गोविन्द मंगल, डॉ. निलेश भटनागर, डॉ. विनोद मेहता, डॉ. ऋषि मेहता, डॉ. करुणा शर्मा (नोडल ऑफिसर, ऑर्गन ट्रांसप्लांट), डीएमएस हर्षा सोनी तथा ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर राजेश मेहता के मार्गदर्शन में अंगदान की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण की गई।

### अनुराधा पौडवाल बिखेरेंगी स्वरलहरियां

**उदयपुर, (कासं)।** इंदिरा मुर्डिया की 73वीं जन्म जयंती के अवसर पर 26 और 27 मार्च को भारतीय लोक कला मंडल में आयोजित संगीतमय कार्यक्रम में प्लेबैक सिंगर अनुराधा पौडवाल और मशहूर बॉलीवुड निर्माता.निर्देशक इंद्र कुमार अपने संगीत की स्वरलहरियां बिखेरेंगे। इंदिरा मुर्डिया की 73वीं जन्म जयंती के अवसर पर होने जा रहा यह कार्यक्रम इंदिरा इंटरप्राईजेज,कश्ती फाउंडेशन एवं यूएसएम ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। कार्यक्रम में शहर की जनता के लिए प्रवेश निशुल्क रहेगा। इंदिरा इंटरप्राइजेज के डायरेक्टर डॉ.अजय मुर्डिया,कश्ती फाउंडेशन की फाउंडर श्रद्धा मुर्डिया और यू एस एम के डॉ.एच.एस. भुई ने बताया कि कार्यक्रम के पहले दिन 26 मार्च को भारत की प्रसिद्ध प्लेबैक सिंगर अनुराधा पौडवाल का लाइव बॉलीवुड म्यूजिक परफॉर्मेंस होगा जिसमें वे अपने लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति देंगी। उन्होंने बताया कि वहीं दूसरे दिन 27 मार्च को मशहूर बॉलीवुड निर्माता.निर्देशक इंद्र कुमार की फिल्मों के संगीत का सफर एक संगीतमय यात्रा के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा।

### पैकिंग लाइसेंस नहीं मिलने पर कार्रवाई

**उदयपुर, (कासं)।** उपभोक्ता हितों के संरक्षण एवं व्यापारिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खाद्य मंत्री सुमित गोदारा के निर्देशानुसार उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत खाद्य मसाले पैकिंग फर्म लखदातार ट्रेडिंग कम्पनी पर पैकिंग लाइसेंस नही पाये जाने पर कार्रवाई की गई। कार्रवाई में निरीक्षण के दौरान पैकिंग लाइसेंस नहीं पाया गया। साथ ही उपयोग में लिए जा रहे तौल यंत्र भी सत्यापित नहीं मिले। इस पर विधिक माप विज्ञान अधिनियम 2009 एवं विधिक माप विज्ञान (डिब्बा बंद वस्तुएं) नियम 2011 के तहत फर्म पर 7 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसी क्रम में बेदला स्थित मैसर्स सिंघवी ऑयल इंडस्ट्रीज का भी निरीक्षण किया गया, जहां पैकिंग लाइसेंस एवं नेट कंटेंट की जांच सही पाई गई। विधिक माप विज्ञान अधिकारी राकेश माहेश्वरी द्वारा पैकेजिंग लाइसेंस बनवाने, पैकेजिंग पर आवश्यक सूचनाएं अंकित करने तथा कांटे-बांट के सत्यापन यूनिट को पाबंद किया गया एवं विभागीय निर्देशानुसार उपभोक्ता हितों के संरक्षण हेतु निरीक्षण किये जाएंगे।

### प्रवेश उत्सव की प्रक्रिया का जायजा लिया

**राजसमंद, (निसं)।** जिले में समग्र शिक्षा के तहत विद्यालयों की व्यवस्थाओं को सुदृढ करने के लिए मंगलवार को अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक घनश्यामलाल गौड द्वारा राजसमंद ब्लॉक के पिपलांत्री गांव स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पिपलांत्री, करेचो का गुडा तथा सेंदरो की भागल विद्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रवेश उत्सव की प्रक्रिया का जायजा लिया गया। उन्होंने विद्यालयों में बच्चों के नामांकन की स्थिति देखते हुए नामांकन बढाने पर विशेष जोर दिया। सभी शिक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि अधिक से अधिक बच्चों को विद्यालय से जोडना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए उन्होंने डोर-ट-डोर सर्वे कर अभिभावकों को जागरूक करने के निर्देश दिए।


**कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द ( राज. )**

क्रमांक /न.पा.ना./69 क/2025/19231 दिनांक :- 24.3.26

**- : आपत्ती सूचना :-**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर प्राप्त भूखण्ड/भवन का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर 69 ए का फ्री होल्ड पट्टे का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | आवेदित सम्पत्ति कापता एवं माप | पड़ौस | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1. | श्री नारायण लाल गुर्जर/ राधेश्याम गुर्जर | वल्लभपुरा, नाथद्वारा भूखण्ड क्षेत्रफल 2254.66 वर्गफीट | आम रास्ता | आम रास्ता | आम रास्ता | आम रास्ता |

आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा

**कार्यालय ग्राम पंचायत नांदेशमा पंचायत समिति सायरा जिला उदयपुर**

क्रमांक:- 72/2025-26 दिनां:- 24.3.2026

**ई निविदा सूचना- 01/2025-2026 :-**

ग्राम पंचायत नांदेशमा में अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाए दिनांक 27.3.2026 सांय 6.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No ZUD2526WSOB05057

प्रशासक ग्राम पंचायत नांदेशमा पं.स. सायरा, जिला उदयपुर ( राज. )

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत नांदेशमा पं.स. सायरा, जिला उदयपुर ( राज. )

